हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026



### 28 करोड़ की वसूली में 71% टारगेट पूरा, दुकानों से वसूली कमजोर

# राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने वसूलने होंगे आठ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय संकट से जूझने वाले नगर निगम को इस वित्तीय वर्ष भी कर वसूली में बहुत अधिक सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है। आलम यह है कि जहां सालभर में लगभग 28 करोड़ रुपए के राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया गया था। मार्च का एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी इसका 71 फीसदी ही टारगेट पूरा किया जा चुका है।

जबकि अब भी 29 फीसदी राजस्व वसूली बाकी है। ऐसे में अब अपना टारगेट पूरा करने के लिए इस वित्तीय वर्ष के शेष 11 दिनों में नगर निगम की राजस्व टीम को लगभग 8 करोड़ रुपए की वसूली करनी होगी। राजस्व वसूली में सबसे चुनौतीपूर्ण दुकानों से वसूली नजर आ रही है। आंकड़ों पर नजर डाले तो नगर निगम द्वारा सबसे कम महज 61 प्रतिशत ही दुकानों से वसूली हो पाई है। नगर निगम में वित्तीय संकट के हालत ऐसे बने हुए हैं कि वह अपने कर्मचारियों को भी हर महीने का वेतन भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है, बल्कि होली से पहले तीन महीने का वेतन लंबित होन के बाद कर्मचारियों की मांग पश्चात एक महीने का वेतन दिया गया था। इसके अलावा सफाई ठेका, प्लेसमेंट कर्मचारियों की एजेंसी को भुगतान के अलावा कई कार्यों के भुगतान में निगम पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है।

## राजस्व वसूली में हर साल छूट रहे निगम के पसीने, बेहतर प्लानिंग ही नहीं



### हर वार्ड में वसूली के लिए कर्मचारी

ऐसा भी नहीं है कि नगर पालिका निगम के पास राजस्व वसूली के लिए टीम नहीं है। बल्कि बकायदा हर वार्ड में निगम ने राजस्व वसूली के लिए एक कर्मचारी की तैनाती कर रखीं है। जिसकी जिम्मेदारी सालभर सिर्फ राजस्व वसूली की ही रहती है7 लेकिन इसके बाद भी हर साल राजस्व वसूली का टारगेट पूरा नहीं होने से निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

### बकायेदारों का शिविर से तौबा

नगर निगम ने बकाया टैक्स वसूली के लिए वार्डों में शिविर भी लगाया, लेकिन इन शिविरों में बेहतर रिस्पांस नहीं मिल पाया। उम्मीद के मुकाबले सीमित लोग ही शिविर में टैक्स जमा करने पहुंचे। हालांकि टैक्स जमा करने के लिए ई-पेमेंट की सुविधा देने से निगम को काफी राहत मिली है। इधर निगम ने सालभर में कई राजस्व शिविर का आयोजन किया था, परन्तु उम्मीद अनुसार वसूली उन राजस्व शिविर में नहीं हो पाई। यहीं कारण है कि अंतिम महीने में भी वसूली का आंकड़ा पिछड़ा हुआ है।

### संपत्तिकर की वसूली तेज

निगम को कुल 27.93 करोड़ का राजस्व वसूलना है। जिसमें से अब तक 20.03 करोड़ की वसूली हो चुकी है। इनमें 6.30 करोड़ संपत्तिकर में 79.44 फीसदी 5.01 करोड़ की वसूली हो चुकी है। ऐसे ही 2.90 करोड़ समेकितकर में से 1.84 करोड़, 7.21 करोड़ जलकर में से 4.51 करोड़ की वसूली निगम द्वारा की जा चुकी है।

### बड़े बकायेदारों की सूची जारी


निगम द्वारा लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले 1 लाख रुपए से ऊपर के बड़े बकायेदारों की सूची जारी कर नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173 के अंतर्गत बिल प्रेषित करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में राजस्व विभाग द्वारा धारा 173 के तहत बिल प्रेषित किया गया, किन्तु करदाताओं द्वारा करों का भुगतान नहीं करने पर 15 दिवस उपरांत अधिनियम की धारा 174 के अधीन मांग की सूचना पत्र 61 करदाताओं को प्रेषित किया गया। जिनके द्वारा बकाया करों का भुगतान नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### डेढ़ करोड़ में 62 लाख की ही वसूली

शहर में संपत्तिकर, समेकित कर का टैक्स उम्मीद के मुताबिक जमा हो रहा है, लेकिन निगम के राजस्व अमले के सामने सबसे बड़ी चुनौती दुकान किराया और बकाया प्रीमियम राशि की वसूली का बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार निगम को सालभर में दुकानों से 1.54 करोड़ रुपए वसूलने हैं। जिसके मुकाबले अब तक 62.53 लाख ही वसूली हो पाई है। हालांकि निगम ने 111 दुकानदारों को नोटिस जारी की है। 27 दुकानों में सील करने की कार्रवाई भी की गई है।

# ईद पर विशेष नमाज, मांगी देश में अमन चैन की दुआ, एक-दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



इस वर्ष रमजान के 30 रोजे पूरे होने के बाद शहर के मठपारा स्थित ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने यहां सामूहिक नमाज अदा करने पहुंचे और नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

रमजान के 30 रोजे मुकम्मल होने के बाद शुक्रवार की शाम ईद का चांद का दीदार होते ही शहर के मस्जिदों से ईदगाह में ईद के अवसर पर विशेष नमाज का ऐलान किया गया। जिसके तहत आज सुबह लगभग 9.30 बजे जामा मस्जिद के पेशी ईमाम कासिम रजा बरकाती ने ईद की नमाज पढ़ाई। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह मैदान में बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए शासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन का आभार जाताया। इस दौरान ईदगाह में पंडाल एवं कूलर-पंखों की व्यवस्था के लिए विशेष तौर पर देश की अग्रणी उद्योग समूह आईबी ग्रुप के सीएमडी बहादुर अली का शुक्रिया अदा किया गया। जामा मस्जिद कमेटी के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कि ईद रमजान का रोजे रखकर सब्र करने वालों पर ईनाम है। ईद का मतलब खुशी होता है, जो इस ईनाम की खुशियों को बांटने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज के दिन सभी बैर भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया जाता है।

### जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने शहर के जनप्रतिनिधि भी ईदगाह मैदान पर पहुंचे। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद खान, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, शैंकी बग्गा, शिव वर्मा, हेमा देशमुख, आमीन हुड्डा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।






## खबर संक्षेप



### प्रियांश का नवोदय में चयन

**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र प्रियांश रात्रे का चयन नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रियांश पिता तिलक रात्रे कक्षा पांचवीं का छात्र है जो पढ़ाई में प्रारंभ से बहुत तेज है। प्रियांश ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों, प्राचार्य और शिक्षकों कोदिया। प्राचार्य खेमलता दास ने प्रियांश को बधाई दी है।

### बलिदान दिवस समारोह आज

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में कल 22 मार्च को रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस बाजार चौक में मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता राममूरत वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में तुलसी साहू, लक्ष्मी रविलाल वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, दीपक साहू, रोहित साहू, रामदिल वर्मा, नीलकंठ साहू, पुसऊ राम वर्मा मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात रानी अवंतीबाई लोधी की पूजा अर्चना एवं 4 बजे बाजार टीन सेड को लोकार्पण होगा। रात्रि में शीतला के अचरा नदगहिया जस झांकी मंडली पलांदुर का कार्यक्रम रखा गया है।

### बकाया कर का भुगतान की अपील

**डोंगरगांव।** स्थानीय नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा ने शहर के समस्त करदाताओं से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व बकाया कर का भुगतान करने की अपील है। उन्होंने कहा कि वितीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है जिसमें निकाय को देय चालू एवं बकाया समेकित कर, संपत्ति कर, जल कर, भवन दुकान किराया की राशि, डोर टू डोर कचरा संग्रहण की राशि जमा कर अधिभार से बचा जा सकता है। वित्तीय वर्ष में राशि जमा नही होने से करदाताओं को सरचार्ज सहित राशि जमा करना होगा। श्री जेमा ने बताया कि राजस्व राशि जमा करने के लिए निकाय कार्यालय अवकाश के दिनों में भी चालू रहेगा।

### लोगों की आवाजाही के बीच सड़क निर्माण

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग ने 7 करोड की सड़क निर्माण शुरू कराया है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होने के बाद भी ठेकेदार ने जवाबादारी निभाते हुए सड़क के कार्य को पूरा करने में गंभीरता नहीं दिखाया। नवरात्रि के पहले जर्जर सड़क पर कार्य जारी रहने से दर्शनार्थियों के अलावा वाहन चालकों को परेशानी हो रही है वहीं गुणवता पर भी सवाल उठ रहे है। अधिकारी एवं इंजीनियर की अनुपस्थिति में ठेकेदार इंस्टीमेट को नजर अंदाज कर निर्माण करा रहा है।



### मृत कर्मचारियों के परिजनों से मुलाकात

**डोंगरगढ़।** रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सीवर साफ कर रहे 3 कर्मचारियों की मौत की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात किया और मौका मुआयना किया। कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर पीड़ति परिवार के सदस्य नौकरी देने, जिनके घर नहीं है उन्हे पीएम आवास के माध्यम से घर दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने कहा।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल, जिला अध्यक्ष रायपुर राजू लंगोटे, दुर्ग संभाग के अध्यक्ष विकाश लंगोटे आदि मौजूद थे।




### सांसद अग्रवाल पहुंचे डोंगरगढ़

**डोंगरगढ़।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का गत दिनों होटल राजइंन आगमन हुआ। इस अवसर पर हरविंदर एस मंगे, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे आदि उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान सभी वरिष्ठजनों के साथ संगठनात्मक विषयों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई।

### सीएम को दी हिंदू नववर्ष की बधाई



**छुरिया।** हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र के अवसर पर जिला पंचायत के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर बधाई दीं। अध्यक्ष किरण वैष्णव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। इस दौरानकिरण साहू, प्रशांत कोडापे, गोपाल भुआर्य, शीला सिन्हा, किरण विनोद बारले, देव कुमारी साहू, बिरम मंडावी, अनीता मंडावी, रविन्द्र वैष्णव, रामकुमार मंडावी, विनोद बारले, ललित साहू, एस कुमार सिन्हा एवं सुशील कसेर उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने देखा मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट



**छुरिया।** ग्राम पंचायत पांगरीकला में 53 एकड़ जमीन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को उद्योग के लिए आबंटित किया गया है। विभाग ने उद्योग हेतु पॉपकोर्निका प्राइवेट लिमिटेड को 3 एकड़ भूमि आबंटित किया है जिस पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, अंजली धावड़े, सामसाय सेंद्राम, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिंह पटेल ने किया। कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इस उद्योग के बाद अंचल में मक्का उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होगी। क्षेत्र में रोजगार का भी सृजन होगा।

### परिचर्चा और काव्यगोष्ठी आज

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा के तत्वावधान एवं शंकर शरण प्राचार्य जादूटोला के संयोजन में कल 22 मार्च को कुमरदा में साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी आयोजित किया गया है। होली एवं चैत्र नवरात्रि का सांस्कृतिक महत्व विषय पर विभिन्न साहित्य मंचों के कलमकार अपने विचार रखेंगे।

## उत्साह और भाईचारा के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर

# दिखा चांद, ईद पर मांगी दुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

रमजान के पाक महीने की समाप्ति के बाद नगर में ईद-उल-फितर पर्व उत्साह, भाईचारे और प्रेम के साथ मनाया गया। ईदगाह में पेश इमाम हाफिज सद्दाम हुसैन ने सामूहिक नमाज अदा कराया। नमाज के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान और मजारों पर पहुंचे और अपने दिवंगत के लिए फातेहा पढा। इस खास मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, चुम्मन साहू, मनोज सिन्हा ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों से मुलाकात कर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर जान मोहम्मद, शकील कुरैशी, हाजी आरिफ मेमन, अलीम खान, तौकीर अहमद, गफ्फार मेमन, अहमद खान, वसीम कुरैशी, रज्जाक कुरैशी, अनवर खान, मेराज रजा, सोनू खान, जावेद मेमन, अकील मेमन, दबीज अहमद खान, मौफिज खान, इलियास खान, मो शरीफ, शेख कादर, मो गौस, मो फैज, मुज्जम्मिल खान, ताहिर खान, जसीम कुरैशी, इमरान कुरैशी, इकबाल खान, सगीर खान, शेख लतीफ, साजिद खान सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस नेताओं ने दी मुबारकबाद

**डोंगरगांव।** ईद के पावन अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नेताओं ने लोगों को गले लगाकर भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि ईद का त्योहार हमें एकता, भाईचारे और आपसी सम्मान का संदेश देता है, जिसे जीवन में अपनाना चाहिए।इस दौरान डॉ नरेन्द्र साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, अरुणा देवांगन, अखिलेश नखत, महेंद्र वैष्णव, पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, टिंकू देवांगन, अमित ठाकुर, अब्दुल, प्रदीप रत्नाकर, संदीप रत्नाकर, लक्ष्मी साहू, चंद्रशेखर उइके सहित अन्य उपस्थित थे।

### ईद पर मांगी अमन की दुआ



**सड़क अतरिया।** रमजान माह पूर्ण होने के बाद शनिवार को नर्मदा खैरा एवं मानपुर में ईद भाईचारे और उल्लास से मनाया गया। शनिवार को ईद उल फितर के मौके पर मुसलमानों ने ईदगाह में नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। एक दूसरे से गले लगकर बधाई दिया। इस अवसर पर हाफिज दिलकस रजा, हाजी कलाम खान, असलम बेग, इकबाल मिर्जा, इमरान मिर्जा, कलीम खान, शब्बीर खान, अल्ताफ खान, अख्तर मिर्जा तालिब, जावेद, सोयाब, गुफरान बेग मिर्जा, इरफान बेग, सलमान, इरशाद, फ़िरोज अफजल, फैजल, मजहर खान आदि मौजूद थे।

# तीसरे दिन भी नहीं दिखी दर्शनार्थियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और ट्रस्ट समिति ने व्यापक व्यवस्था की है किन्तु अपेक्षित संख्या में दर्शनार्थी नहीं पहुंचे। कहा जा रहा है कि कल रविवार को अवकाश होने के कारण दर्शनार्थियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। इधर पदयात्रियों की संख्या भी नहीं के बराबर दिखाई दे रही है। मां बम्लेश्वरी नीचे दरबार में तीसरे दिन तक आधे से भी कम दर्षनार्थी दर्शन करने पहुंचे है।



### पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे देवी के दरबार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। दर्शन के दौरान श्री बघेल ने नारियल, फूल और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं से मुलाकात कर अभिवादन स्वीकार किया। श्री बघेल के प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस नेता नवाज खान, हरीश भंडारी, थानेश्वर पटिला, इंदरपाल भाटिया, विष्णु लोधी, नलिनी मेश्राम, अनिल गट्टानी, जितेन्द्रसिंग सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्रवेश परीक्षा में कल्पतरू कामयाब

**रामाटोला।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की कक्षा पांचवी की छात्रा कल्पतरु वर्मा का चयन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है। वह लाल बहादुर नगर निवासी एचडी वर्मा एवं बसंतलता वर्मा की पुत्री है। प्रारंभ से ही पढाई में रूचि रखने वाली कल्पतरू वर्मा ने नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ की कक्षा नवमी की छात्रा और अपनी बड़ी बहन के जैसे अच्छे अंकों से प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। इस उपलब्धि में लक्ष्य टीम के शैक्षणिक प्रभारी गुनाराम चंदेल का योगदान अहम रहा है। प्रधानाचार्य देवेंद्र नंदेश्वर, अध्यक्ष श्री देवांगन, ज्ञानचंद वर्मा, जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तम जंघेल, प्राचार्य प्रकाश यादव ने बधाई दी है।

# शावाल सिंह बने राजाबर के ग्राम पटेल



**सड़क अतरिया।** ग्राम राजाबर में कश्मकशके बीच ग्राम पटेल का चुनाव संपन्न हुआ। शावल सिंह को मतदान के माध्यम से ग्राम पटेल चुना गया। मतदान कराने के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस बल तैनात रहा। राजाबर के आश्रित ग्राम आमगांव घाट, जामगांव, समनापुर, बजरंगपुर, खादी, नवागांव घाट, गोपाल टोला, सरोधी, खारा, भाजीडोंगरी और कंसिघा के ग्रामीणों ने मतदान में हिस्सा लिया। कुल 202 लोगों ने मतदान किया। शावाल सिंह को 101 मत मिले। परिणाम की घोषणा के बाद ग्रामीणों ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ जुलुस निकालकर मिठाई बांटी। उन्हे अंकल्हा बाहेश्वर, खोरबहरा चटमानेश्वर, अमीर यादव, सदाराम बाहेश्वर, ध्रुवलाल यादव, छेरकु चटमानेश्वर, अंचु मनियां, कार्तिक दास मानिकपुरी, राम्हु मात्रे, कबीर मनियां, चुनूलाल बाहेश्वर, शामसिंग पांचे, दशरथ पटेल, परदेश चटमानेश्वर, संतोष पांचे, कंवल सिंह बाहेश्वर, हरिचंद सादी पांच, पनक सिंघनदुपे, कांशीराम पटेल, विष्णु कावरे, कौशिल्या बाई, दशबती, बिंदाबाई, अघनबाई आदि ने बधाई दी है।

# तेज रफ्तार कार की ठोकर से महिला घायल

## गंडई मार्ग पर नहीं थम रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सड़क अतरिया और गंड़ई के मध्य छोटे बड़े वाहनों की रफ्तार बेलगाम हो गई है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। शनिवार दोपहर को एक तेज रफ्तार कार ने एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को सड़क अतरिया भाटापारा की पूजा सोनू जंघेल उम्र 32 वर्ष कुछ सामान लेकर अपने घर जा रही थी। घर के करीब पहुंची ही थी कि घिरघोली से नर्मदा की ओर जा रही कार सीजी 08 एएफ 3527 सड़क से नीचे उतर गई और पूजा जंघेल को अपनी चपेट में लिया। इस घटना में पूजा घायल हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि कार की गति काफी तेज थी जो सड़क से नीचे उतर कर दो गिट्टी के ढेर को पार कर तथा गति सूचक को ठोकर मार कर दो बार पलट कर सीधे हो गई थी। हादसे के बाद मौके पर हाय-तौबा मच गया। कार में तीन लोग सवार थे जिन्हे भी चोट आई है।



### कार क्षतिग्रस्त

इस हादसे में कार के परखच्चे ऊड गए है। ग्रामीणों ने बताया कि चालक कार को लापरवाही पूर्वक चला रहा था। वाहन में सवार लोगों को गंड़ई चिकित्सालय ले जाया गया। वाहन सवार लोगों को सामान्य चोट आने की जानकारी है। वहीं महिला के सिर पैर में गंभीर चोट लगने के कारण खैरागढ़ में भर्ती कराया गया है। गंड़ई पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में जायुश सफल

**अर्जुनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा के परिणाम गत दिनों घोषित हुए। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के जायुश देवांगन पिता हेमचंद देवांगन ने 93.87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अब वह नवोदय विद्यालय में पढ़ाई करेगा। उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंध शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ हंसराज सोनकर, अलखराम साहू, हेमराय सिन्हा, चंद्रकला सोनकर, छन्नू लाल हिरवानी, वीरेन्द्र तिवारी, लच्छूराम साहू, गायत्री साहू, अश्वनी कुमार, प्रधानाचार्य डामन जोशी, आचार्य डिकेंस साहू, इंद्रजीत साहू, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख,अर्चना यदु, भूपेश्वरी साहू, तोरण, पालेंद्र कुमार, विनीता साहू ने बधाई दी है।



# पांडादाह में रामकथा समागम को लेकर मंदिर समिति की बैठक

**खैरागढ़।** ब्लाक के पांडादाह में बीते 14 सालों से मंदिर सेवा समिति द्वारा रानी सूर्यमुखी देवी स्मृति समारोह आयोजित कर विशाल राम कथा का आयोजन और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस साल ख्याति प्राप्त कथावाचक नारायण महाराज जंजगिरी वाले के श्रीमुख से सरस संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाना है जिसे लेकर समिति द्वारा बैठक आयोजित कर सदस्यों के बीच कार्य विभाजन व जिम्मेदारी सौंपी गई। रामकथा समागम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने इस साल बैठक मे महिला समूहों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। मई महीने में आयोजन दौरान भीषण गरमी को देखते हुए रामकथा अनुरागियों के लिए ठंडे शरबत की व्यवस्था कथा स्थल पर की जाएगी वही राम कथा भी शाम चार से रात सात बजे तक होगा इस दौरान गरमी से राहत देने पंखा के अलावा कूलरो की व्यवस्था भी समिति द्वारा की जाएगी। बैठक बाद समिति सदस्यों ने कथा अनुरागियों से निवेदन किया गया है कि ख्याति प्राप्त कथनावाचक नारायण महाराज के मुखार विंद से रामकथा का श्रवण कर अपना आत्मकल्याण करे। इस दौरान समिति संरक्षक पंडित ओम झा, पंडित डॉ प्रशांत झा, रामेश्वर रामटेके, सत्येंद्र साहू, कमलेश यदु, राजू यादव, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, संतोष कर्ष, सुयश खरे, संतोष वैष्णव, सरस्वती यदु, सविता जैन, गौस मोहम्मद खान, हरिराम साहू, गौतमचंद जैन, धनेश्वरी देवांगन, पुरूषोत्तम आदि मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री साहू ने किया देवी दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज बमलेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिजनों के साथ देवी दर्शन किया। इस दौरान ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, हरीश भंडारी, लोकनाथ भारती, अशोक साहू, अनिल गट्टानी, शिशुपाल भारती, विष्णु लोधी, रिमी भाटिया, थानेश्वर पाटिला आदि मौजूद थे। मंदिर परिसर पहुंचने पर श्रद्धालुओं और नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने लोगों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना।

## महिलाओं और बालिकाओं ने निकाला कलश यात्रा

# रानी अवंती के शौर्य को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया। समाज की महिलाओं और बालिकाओं ने भोजली लेकर शोभायात्रा निकाला। अतिथियों ने अवंती प्रतिमा की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, दसमत जंघेल, तीरथ चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, नंद जंघेल, अशोक जंघेल, नेतराम जंघेल थे।



### सामाजिक एकजुटता पर जोर

समाजिक प्रतिनिधियों ने आजादी की लड़ाई में अवंतीबाई की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने नारी शक्ति की महत्ता को बताते हुए समाज को एकसूत्र में बांधने का अवसर बताया। उन्होने कहा कि एकता में ही शक्ति है। समाज को तमाम परिस्थितियों में एकता बनाए रखना है।

### सभी के लिए आदर्श है वीरांगना का बलिदान

उक्त मौके पर कोमल जंघेल ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी समाज का आदर्श है। उनके शौर्य और पराक्रम से समाज का स्तर ऊंचा हुआ है। गिरवर जंघेल ने कहा कि अवंती बाई वह नारी शक्ति रही है जिसके शौर्य को पूरा देश नमन करता है। विजय वर्मा ने रानी के पराक्रम की गाथा बताया। कार्यक्रम में गैंदूराम जंघेल, टीके चंदेल, कविता जंघेल, अवध राम, लेखराम, रमेश जंघेल, कैलाश वर्मा, राज कुमार मसखरे, विष्णु राम जंघेल, मनोज जंघेल, गैंदलाल जंघेल सहित समाजिकजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वार्ड 23 के शहीद द्वार से पशुपतिनाथ मंदिर चौथना खार तक सड़क डामरीकरण का पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सभापति सुमित ताम्रकार ने भूमिपूजन किया। शहर कोग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने वाली यह बहुत महत्वपूर्ण रोड है। वार्डवासियों की मांग पर सभापति सुमित ताम्रकार ने स्वीकृति दिलाया है। जानकारी के अनुसार एक कांग्रेस नेता के निर्माण में बाधा डालने के कारण कार्य में विलंब हुआ। इसे लेकर वार्डवासियों ने प्रदर्शन कर कार्य को चालू कराया है। इस अवसर ममता बहेकर, पार्षद देवेंद्र साखरे, राजेश कंडरा, मनीष विश्वकर्मा, विपिन विश्वकर्मा, सुरेश बहेकर, राजू सातपुते, गोविंद सोनी, रमाकांत ठाकुर, हेमंत मांडवी आदि उपस्थित थे।

## रिश्वत मांगने, फर्जी बिल, बिना काम भुगतान और मिलीभगत के आरोप

# 500 करोड़ के काम में घोटाले का आरोप जल संसाधन संभाग पर गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के जल संसाधन संभाग छुईखदान में कथित तौर पर 500 करोड़ रुपयों के निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त सहायक वर्ग-3 एसके उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया जिसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर को नियमानुसार जांच और कारवाई का निर्देश दिया हैं।

शिकायतकर्ता एसके उपाध्याय ने कि वर्ष 23-24 से 25-26 तक जल संसाधन संभाग छुईखदान को विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लगभग 500 करोड़ रुपयों का आबंटन मिला, लेकिन इस राशि का उपयोग सही तरीके से नहीं किया गया और अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से भारी अनियमितताएं की गईं। पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग करते हुए श्री उपाध्याय ने कार्यपालन अभियंता बीके मरकाम, सहायक अभियंता केतन किशोर साहू व अविनाश नायक, सहायक वर्ग-3 करूणेश मेश्राम, सहायक मानचित्रकार कमल नारायण ठाकुर और स्थल सहायक लोकेश शर्मा के अलावा अजय चन्द्राकर सहायक वर्ग-2 के नाम का शिकायत में उल्लेख करते हुए इन सभी पर संयुक्त रूप से भ्रष्टाचार करने और नियमविरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया है।

### सरकारी वाहन के दुरूपयोग का आरोप

कार्यपालन अभियंता बीके मरकाम पर पर आरोप है कि वे दुर्ग-भिलाई से रोज छुईखदान सरकारी वाहन से आना जातना करते है और वाहन लॉगबुक में फर्जी एंट्री कर डीजल-पेट्रोल और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये का खर्च दिखाया जा रहा है, यहां तक कि निजी वाहनों में भी सरकारी खर्च से ईंधन डलवाया जा रहा है। यह भी कहा कि जब जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, तो करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुसार होना संभव नहीं है। आरोप है कि कार्यों में लीपापोती कर गुणवत्ताविहीन निर्माण कराया गया।

## सीएम से शिकायत के बाद जांच के निर्देश



### संपत्ति जांच और एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ता एसके उपाध्याय ने सीएम से कार्यपालन अभियंता बीके मरकाम के पूरे कार्यकाल की जांच कराने, सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति, आयकर रिटर्न और वेतन के आधार पर तुलनात्मक विश्लेषण कर स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की जिसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने प्रमुख अभियंता को निर्देशित किया है कि शिकायत पर नियमानुसार कारवाई कर आवेदक को अवगत कराने के साथ साथ कार्रवाई की पूरी जानकारी जनदर्शन पोर्टल पर दर्ज की जाए।

### ग्रेच्युटी भुगतान के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

एसके उपाध्याय ने आरोप लगाया कि सहायक मानचित्रकार कमल नारायण ठाकुर ने उनके लंबित ग्रेच्युटी भुगतान के लिए 55 हजार की रिश्वत मांगी। रकम नहीं देने पर कोर्ट के आदेश के बावजूद अब तक भुगतान नहीं होने दिया। वार्षिक मरम्मत और संधारण के लिए मिले लगभग 4 करोड़ रुपयो का जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। पूरी राशि आपस में बांट ली गई और कागजों में काम दिखाकर भुगतान कर लिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया में ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर करोड़ों रुपये का गड़बड़झाला किया गया। विशेष रूप से सहायक अभियंता अविनाश नायक पर फर्जी बिल, ड्राइंग और डिजाइन के नाम पर भुगतान कराने का आरोप लगाया है।

### कमीशन और प्रबंधन का अलग तंत्र होने का आरोप

सहायक अभियंता केतन किशोर साहू पर श्री उपाध्याय ने आरोप लगाया कि वो संभाग में कमीशन के लेन-देन का काम संभालते हैं और कार्यपालन अभियंता के साथ समन्वय करते हैं। उन्होंने पूरे सिस्टम पर संगठित नेटवर्क की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि करूणेश मेश्राम को प्रमुख अभियंता कार्यालय से नियम विरुद्ध छुईखदान में संलग्न कर तीन सबडिविजन का ऑडिट कार्य सौंपा गया है। कमल नारायण ठाकुर को उनके पद के विपरीत ऑडिटर, स्थापना, आरटीआई और कोर्ट केस का काम दिया गया। स्थल सहायक लोकेश शर्मा को भी फील्ड के बजाय कार्यालय में संलग्न कर नियमों का उल्लंघन किया गया है। स्थापना शाखा का कार्य नाममात्र के लिए अजय चन्द्राकर के नाम पर है, जबकि वास्तविक काम तकनीकी कर्मचारियों से लिया जा रहा है, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है।

# नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता ने किया सघन निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने 20 मार्च को मंडल का सघन एवं व्यापक निरीक्षण किया गया। सुबह 7.30 बजे विशेष निरीक्षण यान द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रारंभ हुआ। दौरे के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रसमरा रेलखंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत ट्रैक की गुणवत्ता, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, ओवरहेड विद्युत उपकरण, संरक्षा मानको तथा ट्रेन परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। वापसी यात्रा के दौरान भी संबंधित खंड का पुनः निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का आंकलन किया जाएगा। निरीक्षण के तहत रसमरा, राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसरों की स्वच्छता, प्लेटफॉर्म व्यवस्था, यात्री सुविधाएं जैसे प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, टिकटिंग व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की। साथ ही यात्रियों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया।

### गुणवत्ता का किया मूल्यांकन

डोंगरगढ़ स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण करते लोको पायलट एवं गार्ड के लिए उपलब्ध विश्राम, खानपान एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित एवं बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। विशेष रूप से वर्तमान में आयोजित डोंगरगढ़ मेले के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, अतिरिक्त टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म प्रबंधन, यात्री मार्गदर्शन एवं रेल संचालन की सुचारू व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मेला अवधि के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए किए गए विशेष प्रबंधों की समीक्षा करते आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता तथा वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जोर

**खैरागढ़**। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा बाद कलेक्टर ने सड़कों पर निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, प्रमुख स्थानों पर आकस्मिक चेकिंग अभियान संचालित करने का निर्देश दिया।

### योजना से आवारा पशुओं पर नियंत्रण की पहल

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने आवारा पशुओं के कारण होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए गौठान योजना को प्रभावी बनाने और शहर में गौधाम योजना प्रारंभ करने कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा।

### युवाओं में जागरूकता और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष बल

बैठक में रेस ड्राइविंग करने वाले युवाओं व किशोरों को उनके पालकों के साथ बुलाकर समझाइश देने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने सडक़ सुरक्षा के लिए व्यवहार परिवर्तन, जनभागीदारी व विभागों के समन्वित प्रयासों को आवश्यक बताते हुए सभी संबंधित विभागों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कारवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डोंगरगांव में कर्मा जयंती और सामूहिक विवाह आज

**राजनांदगांव**। मां कर्मा जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह को लेकर साहू समाज के जिला साहू संघ और समस्त तहसील संघ, परिक्षेत्र, मंडल और ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से प्रस्तावित कर अंततः सामूहिक आदर्श विवाह और मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन मां कर्मा भवन मटिया डोंगरगांव में कल 22 मार्च को आयोजन किया जाएगा।

साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू और महामंत्री नीलमणि साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों की दूसरे राज्यों में चुनावी व्यस्तताओं के चलते मां कर्मा जयंती का भव्य आयोजन में आना स्थगित हो गया है। हालांकि अब आयोजन को पूरी तरह रद्द नहीं किया गया है, बल्कि इसे सादगीपूर्ण और सामान्य रूप से आयोजित करने का सर्वसम्मति निर्णय लिया गया है।

### लोक गायिका तरुणा साहू और स्वेच्छा साहू आएंगी

जिला साहू संघ, तहसील साहू संघ, नगर साहू संघ और ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम मां कर्मा जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह में लोक गायिका तरुणा साहू और स्वेच्छा साहू शामिल होंगे।

# देखरेख के अभाव में उजड़ गए उद्यान, बच्चे उदास

## शहर के गार्डन में कटीली झाड़ियों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गर्मी के साथ ही बच्चों की छुट्टियां शुरू हो हैं। बच्चों को सुबह- शाम खेलने और मनोरंजन के लिए उद्यानों की जरूरत है, वहीं नगर पंचायत गंडई के पार्क बदहाली के आंसू रो रहे हैं। देखरेख के अभाव में शहर के गॉर्डन अब केवल कटीली झाड़ियों और अव्यवस्था का केंद्र बनकर रह गए हैं।

शहर में पुष्प वाटिका, चुम्मन पार्क, अंबेडकर पार्क और चिल्ड्रन पार्क जैसे स्थान कभी बच्चों और बुजुर्गों की पहली पसंद हुआ करते थे। वर्तमान में स्थिति इसके उलट है। पार्कों में साफ-सफाई का आभाव स्पष्ट दिखाई देता है। चारों तरफ घास और कटीली झाड़ियां उग आई हैं। खेल-कूद के महंगे उपकरण या तो टूट गए हैं या गायब हो गए हैं। नगर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए टहलने तक की सुरक्षित जगह नहीं बची है।

### गार्डन होना जरूरी

सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार का कहना है कि गंडई आबादी और राजस्व वसूली के हिसाब से जिले में अहम स्थान रखता है ऐसे में बच्चो महिलाओ और बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए गंडई में व्यवस्थित गॉर्डन होना जरूरी है नेताओ एवं निकाय से सम्पर्क कर प्रयास किया जाएगा कि गार्डनों को बेहतर बनाया जा सके।

### प्रयास होगा

गंडई के गार्डनों के सुधार की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

**- अविनाश देवांगन**, सीएमओ



### खतरे में पुष्प वाटिका

नगर के हृदय स्थल के आस पास स्थित पुष्प वाटिका के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। यहां स्थित खेलकूद के अधिकांश समान गायब हो चुके है। नाम पुष्प वाटिका है पर यहां पुष्प वाला शायद ही कोई पौधा वर्तमान में हो। बुमन फार ट्री के नाम पर बड़े पेड़ के पौधे लगाए गए है जिसके कारण गार्डन का साइज पहले ही छोटा हो गया है वही पुष्प वाटिका के साइज को और भी छोटा किया जा सकने की जानकारियां सामने आ रही है। जानकार सूत्रों की माने तो पुष्प वाटिका के सामने बने चालों की साइज को बड़ा करने के चक्कर मे पुष्प वाटिका के अंदर जल्द ही दीवाल खड़ी कर पार्क के साइज को और छोटा किया जा सकता। जिसके कारण पुष्प वाटिका का आकार और भी छोटा हो जाएगा।

### जमीन छोटी करने का खेल

नगर में चर्चा का सबसे गर्म मुद्दा पार्कों के आकार को छोटा करना बना हुआ है।पूर्व में चुम्मन पार्क के आकर को सड़क चौड़ा करने के नाम पर छोटा कर दिया गया था। उस समय आम जन में ये चर्चा का विषय बना हुआ था कि पार्षद निधि के पैसों का उपयोग करते हुए किसी व्यक्ति विशेष को फायदा पहुचाने सड़क को चौड़ा करने चुम्मन पार्क के दीवाल को तोड़ कर 5 फीट अंदर बना दिया गया है जिसके कारण पार्क का साइज छोटा हो गया है।

### प्रशासन की चुप्पी

गंडई नगर में कुल 4 गार्डन होने के बावजूद आज एक भी गार्डन ऐसा नहीं है जहां परिवार के साथ लोग समय बिता सके। पालकों और नगर की गृहणियों का कहना है कि आउटडोर खेल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के कारण बच्चे घरों में कैद होने मजबूर हैं। आज बच्चो के सड़कों पर खेलने पर डर बना रहता है कि कही दुर्घटना न हो जाये और अगर बच्चो को लेकर मैदान या पार्क लेकर जाते है तो वहां गंदगी और सुविधा का आभाव रहता है।

## एक-दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई

# खुशहाली की दुआ के साथ मनाई गई ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हमेशा की तरह परम्परानुसार खैरागढ़ मुस्लिम समाज ने जश्ने ईद-ऊल-फित्र का मुबारक त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्थानीय दाऊचौरा स्थित ईदगाह की पाक सरजमीं पर शनिवार 21 मार्च को सुबह 9 बजे मुस्लिम भाईयों को जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने परंम्परानुसार ईद की पाक नमाज अता करवाई।

गौरतलब हैं कि शुक्रवार की रात चांद की तस्दीक के बाद शनिवार 21 मार्च को ईद का मुबारक त्यौहार जोशोजश्न के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह परिसर में पेश इमाम साहब ने तकरीर की उसके बाद नमाजे ईदुल फ़ितर मुस्लिम रवायत के मुताबिक अता की गई जिसके बाद ईद-ऊल-फितर का विशेष खुदवा भी पढ़ा गया व आखिर में सलातो-सलाम पढ़कर भारत देश के अमन, चैन व खुशहाली के साथ सभी की सलामती की दुआ मांगी गई। दुआ के बाद मुसलमान भाईयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के ईसाले सवाब के लिये फातिहा पढ़ी वही इसके बाद नगर में दिनभर मुसलमान भाई एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देते रहे और सेवई-खीर



तस्कीम का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज जियाउल हक, निवर्तमान सदर अरशद हुसैन, ज़फ़र हुसैन खान, हाजी नासिर मेमन, हाजी रिजवान मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा खान, मो. इदरीस खान, कासिम खान, इकरा फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी, जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो. याहिया नियाज़ी, शमसुल होदा खान, डॉ. मकसूद अहमद, कय्यूम कुरैशी, जफर उल्लाह खान, जहीन खान, जुनैद खान, जमीर कुरैशी, कदीर कुरैशी व सहित खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा व एएसआई कमलेश बनाफर सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान ईदगाह में मौजूद रहे।

### पुलिस जवानों का किया सम्मान

इस अवसर मुस्लिम समाज से जुड़ी स्वयं सेवी संस्था इकरा फाउंडेशन ने बेहतर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिये थाना प्रभारी अनिल शर्मा सहित वहां पर मौजूद समस्त पुलिस जवानों को खजूर एवं गुलाब देकर सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। वही ईद उल फितर पर्व की कवरेज करने आएं पत्रकारों क्रमशः ईला सिद्दीकी, प्रशांत सहारे, साकेत श्रीवास्तव, श्रेयांश सिंह बाबुल व ख़ुमेश रजक का भी खजूर एवं गुलाब देकर सम्मान किया गया।

### ईद पर कांग्रेस नेताओं ने दी मुबारकबाद



ईद के पावन अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ईदगाह पहुंचे, जहां उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने गले मिलकर शहर और प्रदेश में सुख-समृद्धि, अमन-चैन और आपसी भाईचारे की कामना की। कांग्रेसजनों ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है जो समाज को जोड़ने का संदेश देता है। इस मौके पर सभी से मिलजुलकर रहने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.अरुण भारद्वाज, पूर्व सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि कपिनाथ महोबिया, सूर्यकांत यादव, रविंद्र गहरवार, जफर उल्लाह खान, नसीर मेमन, नदीम मेमन, राजा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# नम्रता ने 64 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने आज ग्राम बोरिया, सरोली एवं मुरारगोटा पंचायत के आश्रित ग्राम गुभियागढ़ में कुल 64 लाख की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है।

ग्राम बोरिया में 20 लाख की लागत से डोम शेड निर्माण एवं 4 लाख की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम सरोली एवं मुरारगोटा में 20-20



लाख की लागत से डोम शेड निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आवागमन संबंधी सुविधाओं में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरोली स्थित देश माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर नम्रता सिंह ने जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा मंदिर तक पहुंच के लिए सीढ़ी निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सीढ़ी निर्माण के साथ-साथ मंदिर परिसर में डोम शेड का निर्माण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रेखा कोठारी सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। नम्रता ने कहा कि जनसेवा एवं क्षेत्र के समग्र विकास हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया नववर्ष

**डोंगरगढ़**। राष्ट्र सेविका समिति ने बंगाली पारा में नव वर्ष उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि अर्चना बानिक, मुख्य वक्ता श्रुति गुप्ता, वैशाली देशकर, विभाग प्रचारिका शारदा चंद्रा थी। दीप प्रज्जवलन के पश्चात झुंपा मंडल ने अतिथियों का परिचय कराया। रीना पोद्दार ने अमृत वचन, पिंकी राय ने श्लोक, इतिका साहू ने सामूहिक गीत एवं प्रतिभा वर्मा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती बानिक ने महिलाओं को संगठित होकर राष्ट्र कार्य करने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता श्रुति गुप्ता ने विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से नव वर्ष का महत्व बताया। डॉ हेडगेवार की जीवनी पर प्रकाश डाला। शाखा कार्यवाहिका वैशाली देशकर ने आभार प्रदर्शन किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### वाद-विवाद पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** नवरात्रि में अशांति फैलाने वालों पर धारा 170 बीएनएस के तहत चिखली चौकी पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में शांतिनगर शिव मंदिर के पास आकाश पटवा 24 साल चकरभाठा बिलासपुर हाल शांतिनगर शिव मंदिर के पास द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### आराधना महिला मंडल ने किया छाछ वितरण



**राजनांदगांव।** शहर के समाजसेवी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा हिंदू नव संवत्सर 2083 धूमधाम से मनाया गया। मंडल की महिलाओं ने शहर के श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर गंज लाइन में पूजा-अर्चना करते भगवान से शहरवासियों की सुख-शांति व खुशहाली की प्रार्थना की। शाम को हिंदी नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत करते अपने-अपने घरों में सैकड़ों दीप जलाकर हर्षोल्लास प्रकट किया। इस दौरान समाजसेवी महिलाओं के घर-परिवार में हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि पर्व की खुशियां बिखरी रही। आराधना महिला मंडल की समाजसेवी महिलाओं ने हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या शहर में सनातन एकता तिरंगा यात्रा निकाली गई। अवसर पर गंज लाइन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर समीप स्टाल लगाकर शोभायात्रियों का भव्य स्वागत करते छाछ का वितरण किया गया। इस दौरान प्रभा बरडिया, पुष्पा अग्रवाल, अलका जानी, आभा पोद्दार, छाया खंडेलवाल, शशिप्रभा, विजया सोनी, शारदा खंडेलवाल, चंद्रकला अग्रवाल, उमा खंडेलवाल सहित अन्य उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी आराधना महिला मंडल की अलका जानी द्वारा दी गई।

### सुरगी स्कूल में विस्तार गतिविधि का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शा.उ.विद्यालय सुरगी में एक विस्तार गतिविधि का आयोजन किया गया। आयोजन में रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष यूनुस रजा बेग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रोजगारोन्मुखी बताया और प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अतिथि प्राध्यापक लिकेश्वर सिन्हा ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विशेषताओं व उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। विस्तार गतिविधि के अंतर्गत एमएससी रसायन शास्त्र के छात्रों ने अंधविश्वास पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी। इस आयोजन में सुरगी स्कूल के छात्र-छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहे। जिनमें प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार सिन्हा, सुशील शर्मा, चित्रलेखा साहू, अरुणा साहू, शिवानी बर्मन, नीरा ठाकुर, गीतांजलि साहू, वंदना देवांगन, चारूलता भौतमांगे आदि शामिल थे।

### हाईड्रा पलटा, मजदूर की मौत

**राजनांदगांव।** हाईड्रा वाहन पलटने से इसकी चपेट में एक मजदूर आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। टेडेसरा क्षेत्र में हुए इस घटना की जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेडेसरा स्थित एक कंपनी में बीती शाम लगभग पौने 7 बजे एक हाईड्रा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया गया कि इस घटनाक्रम में पास में खड़ा मजदूर चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम ऋषिराम साहू 45 वर्ष बताया गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इधर उक्त घटना से यहां काम करने वाले मजदूरों में शोक की लहर एवं आक्रोश व्याप्त है।

# धर्मांतरण नेटवर्क मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में अवैध धर्मांतरण से संबंधित गंभीर प्रकरण में राजनांदगांव पुलिस द्वारा प्रभावी एवं सुनियोजित कार्रवाई की गई है। जिसके तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 8 जनवरी को प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई विस्तृत जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी डेविड चाको 55 वर्ष निवासी ग्राम धर्मपुर द्वारा अपने निवास स्थान पर प्रार्थना सभा व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को प्रलोभन एवं अन्य माध्यमों से धर्म परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जा रहा था। साथ ही बिना वैधानिक अनुमति के आश्रम संचालन एवं नाबालिग बच्चों को अपने पास रखने की जानकारी भी प्राप्त हुई।

#### लैपटॉप सहित सामग्री जब्त

पुलिस के मुताबिक जांच के प्रारंभिक चरण पूर्व विवेचना के दौरान आरोपी के पास से महत्वपूर्ण सामग्री प्राप्त हुई थी। जिनमें लैपटॉप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोलर चार्ज्ड प्रोजेक्टर, धार्मिक एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें, भविष्य में धर्मांतरण की रणनीति से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। जिनसे संगठित गतिविधियों की पुष्टि होती है। वर्तमान विवेचना के दौरान आरोपी के कब्जे से अन्य सामग्री भी जब्त की गई है।

#### बैंकों से जानकारी ली जा रही

प्रकरण में विदेशी फंडिंग की संभावना को दृष्टिगत रखते आरोपी के बैंक खातों की जानकारी संबंधित बैंकों से प्राप्त की जा रही है तथा अन्य सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4, 5 एवं बीएन की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 21 मार्च को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड हेतु आवेदन किया गया है। मामले की विवेचना सतत जारी है तथा अन्य संभावित आरोपियों, सहयोगियों की संलिप्तता की भी गहन जांच की जा रही है।

# बस स्टैंड के पास झपटमारी घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

- कोतवाली पुलिस ने की आरोपी पर कार्रवाई
- जेब से निकाले थे रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नया बस स्टैंड के पास से गुजर रहे व्यक्ति से झपटमारी करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 मार्च को रात्रि 8 से 8.40 बजे के मध्य नया बस स्टैंड के पास से गुजर रहा था कि गोलिया नामक लड़का, जो बस्ती नया बस स्टैंड राजनांदगांव में रहता है। जिसके साथ एक लड़का था, उसे आवाज देने पर रूका तो इसे जोरदार झापड़ मारकर विवाद करने लगा, नशे में था, धक्का देकर इसके पॉकेट में हाथ डालकर पॉकेट में रखे नगदी 12200 रुपए को निकालकर भाग जाना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (1), 3 (5) बीएनएस कायम किया गया।

#### नगदी रकम जब्त

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने तत्काल पतासाजी कर आरोपी सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया 24 वर्ष निवासी नया बस स्टैंड को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार कर 12200 रुपए में से 5000 रुपए को छोटा बच्चा को देना तथा बाकी पैसा स्वयं रखना, उसमें से 6200 रुपए को ताश खेलते समय हार जाना, 1000 रुपए बचा होना बताया। दूसरा आरोपी विधि से संघर्षरत बालक को उसके परिजन के समक्ष पूछताछ करने पर 5000 रुपए प्राप्त करना। जिसमें से 230 रुपए खाने-पीने में खर्च होना एवं 4770 रुपए बचा होना बताया। कुल 5770 रुपए प्रकरण में जब्त कर आरोपी सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं विधि से संघर्षरत बालक का प्रपत्र 1 नियम 8 (1), 8 (5) भानासुसं प्रपत्र भरकर परिजन को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार आरोपी को 20 मार्च को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक मिलन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक गणेश चौहान एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# नववर्ष, नवरात्रि व झूलेलाल जयंती मनाई



**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं भगवान झूलेलाल जयंती पर्व मानव मंदिर चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंच के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा एवं भगवान झूलेलाल की आराधना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते सभी को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे उत्साह के साथ मनाना हम सभी का कर्तव्य है।

इस दौरान भगवान झूलेलाल जयंती पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में नवरात्रि के महत्व पर भी चर्चा करते शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की उपासना के महत्व को बताया गया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### समाज का चुनाव 12 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 12 अप्रैल को विभिन्न जिला मुख्यालय में स्थापित किए गए मतदान केंद्र में संपन्न होगा।

## कबीर साहेब के भजनों से गूंजा बोरी

**राजनांदगांव।** ब्रह्म विद्या विहंगम महर्षि सदगुरु सदाफल देव आश्रम झूंसी प्रयाग इलाहाबाद से संचालित संस्था विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में ग्राम बोरी में स्वर्वेद यात्रा दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा से हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के पश्चात सत्संग, भजन, आरती एवं शांतिपाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कबीर भजनों की सूफियाना अंदाज में प्रस्तुति रही। इस अवसर पर संभागीय अधिकारी डॉ. महेंद्र साहू, संयोजक मोरध्वज साहू, सह-प्रभारी संतोष साहू, गोवर्धन कुंजाम, कुलंजन साहू, प्रीतम साहू, ललित साहू, सोमन साहू, सेवक यादव, छबि साहू, राधेश्याम विश्वकर्मा, नूतन देवांगन, सुखदास साहू, संतराम साहू, मोती साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आरती व शांतिपाठ के साथ भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुद्ध नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### माहेश्वरी महिला मंडल का होली गणगौर उत्सव



**राजनांदगांव।** माहेश्वरी भवन में महिला मंडल ने होली गणगौर उत्सव मनाया। जिसमें महाशिवरात्रि, होली एवं गणगौर त्यौहार का त्रिवेणी संगम देखने मिला। कार्यक्रम का आरंभ भगवान महेश को दीप प्रज्वलित कर महेश वंदना के साथ किया गया।

बीते दिनों महिला दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती लोहिया, गीता डागा एवं प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी को श्रीफल एवं तुलसी का गमला देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन सुषमा राठी द्वारा दिया गया। जन्मदिवस संस्कार के लिए फरवरी एवं मार्च माह में जिन सदस्यों का जन्मदिवस आया, उन सभी को मंत्र उच्चारण के साथ आशीर्वाद दिया गया। जिसका संचालन रूपाली गांधी द्वारा किया गया। कार्यकारिणी टीम द्वारा होली के उपलक्ष्य में एक अनोखा सिटिंग डांस की प्रस्तुति दी गई। जिसमें अमिता मूंदड़ा, शीला गांधी, अनीता चितलांगिया, अनुपमा सदानी, संगीता डागा एवं सुनीता राठी की प्रस्तुति को सभी ने सराहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाशिवरात्रि को मनाते विवाह रस्म के सभी गीतों को अंताक्षरी के रूप में खिलाया गया। कार्यक्रम में अलका सुरजन, विमला राधा लड्ढा, वर्षा सरिता डागा, रेनू मधु चितलांगिया, प्रेमा नेमा लोहिया एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सचिव पिंकी धूत एवं रूपरेखा सांस्कृतिक मंत्री प्रीति डागा द्वारा तैयार की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सोनल लड्ढा ने दी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

DELHI IAS ACADEMY RAIPUR
Attention Dear All Parent & Aspirants
CGPSC 3 Year FOUNDATION BATCH
After Class 12th
Batch Starting From
31st March 2026 Evening Batch
Who Can Join
B.A./ B.COM/ B.Sc/ BE & 1st Year Student
Aspirants Targeting CGPSC / UPSC early Preparation
Key Highlights
Experienced Faculty Guidance
Study Material (Hindi/English Medium)
Offline Classes
Structure Of 3 Year Plan
1st Phase — Duration - 08 Months: NCERT Foundation; Subject Wise Preparation; Mentorship Programme; NewsPaper Reading & Analysis
2nd Phase — Duration - 20 Months: Prelims + Mains Preparation; Answer Writing Practice; Test Series Evalution; Mentorship Programme
3rd Phase — Duration - 08 Months: Current Affairs Mastery; Personality Development; Advance Answer Writing; Final Mock Tests
Call Now
+91 7880111516, +91 7880111266
2nd Floor, Vandana Bajaj Showroom Opposite Rajkumar College,G.E. Road, Raipur
Khanna

# राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने वसूलने होंगे आठ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय संकट से जूझने वाले नगर निगम को इस वित्तीय वर्ष भी कर वसूली में बहुत अधिक सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है। आलम यह है कि जहां सालभर में लगभग 28 करोड़ रुपए के राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया गया था। मार्च का एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी इसका 71 फीसदी ही टारगेट पूरा किया जा चुका है।

जबकि अब भी 29 फीसदी राजस्व वसूली बाकी है। ऐसे में अब



अपना टारगेट पूरा करने के लिए इस वित्तीय वर्ष के शेष 11 दिनों में नगर निगम की राजस्व टीम को लगभग 8 करोड़ रुपए की वसूली करनी होगी। राजस्व वसूली में सबसे चुनौतीपूर्ण दुकानों से वसूली नजर आ रही है। आंकड़ों पर नजर डाले तो नगर निगम द्वारा सबसे कम महज 61 प्रतिशत ही दुकानों से वसूली हो पाई है। नगर निगम में वित्तीय संकट के हालत ऐसे बने हुए हैं कि वह अपने कर्मचारियों को भी हर महीने का वेतन भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है, बल्कि होली से पहले तीन महीने का वेतन लंबित होन के बाद कर्मचारियों की मांग पश्चात एक महीने का वेतन दिया गया था। इसके अलावा सफाई ठेका, प्लेसमेंट कर्मचारियों की एजेंसी को भुगतान के अलावा कई कार्यों के भुगतान में निगम पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है।

## बकायेदारों का शिविर से तौबा

नगर निगम ने बकाया टैक्स वसूली के लिए वार्डों में शिविर भी लगाया, लेकिन इन शिविरों में बेहतर रिस्पांस नहीं मिल पाया। उम्मीद के मुकाबले सीमित लोग ही शिविर में टैक्स जमा करने पहुंचे। हालांकि टैक्स जमा करने के लिए ई-पेमेंट की सुविधा देने से निगम को काफी राहत मिली है। इधर निगम ने सालभर में कई राजस्व शिविर का आयोजन किया था, परन्तु उम्मीद अनुसार वसूली उन राजस्व शिविर में नहीं हो पाई।













## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के पंडरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्तः सूरज चंद्राकार



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। दुर्ग संभाग अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह एवं संभागीय उपाध्यक्ष भुवन पटेल की अनुशंसा पर श्याम टंडन को कवर्धा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है वहीं प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में किए गए मनोनयन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए जिला इकाई एवं ब्लॉक इकाई के गठन का अधिकार नव नियुक्त पंडरिया ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरज चंद्राकर को नियुक्ति किया गया, जिससे उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और पत्रकार साथियों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होंगी तथा पत्रकारों के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। नव नियुक्त उपाध्यक्ष सुरज चंद्राकर ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी पत्रकार साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### बच्चों को लेखनी देकर किया उत्साहित

**हरिभूमि कवर्धा।** वनांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला बदौरा में केंद्रीकृत परीक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत हुई। परीक्षा प्रारंभ से प्रधान पाठक द्वारा एक प्रेरणादायक पहल की गई, जिसमें विद्यार्थियों को लेखनी भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा पांचवीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें अधिकांश बच्चे बैगा आदिवासी समुदाय से हैं। इस पहल से उत्साहित विद्यार्थियों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# डिप्टी सीएम ने मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण व शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में निर्माण एजेंसी, सीजी एमएससी तथा जिला अस्पताल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण की प्रगति और आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, समय-सीमा और गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण 31 मई 2027 तक तथा ब्वॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, इंटर्न्स मेंस, डीन रेसिडेंसी, एमएस रेसिडेंस, लैब सहित अन्य सभी आवश्यक भवनों का निर्माण 31 मार्च 2027 तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे प्रत्येक 15 दिनों की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें और उसी के अनुरूप निर्माण कार्य को गति दें। साथ ही हर 15 दिन में कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिससे कार्य की नियमित समीक्षा की जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निर्माण कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक शुक्रवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण करें और कार्य की वास्तविक प्रगति का आकलन करें। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा या समस्या आती है, तो उसे तत्काल साझा किया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, लेकिन निर्माण कार्य निरंतर और निर्धारित गति से जारी रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी कार्य मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में छात्रों और चिकित्सा सेवाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर विशेष जोर



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले में आगामी सत्र से प्रारंभ होने वाले मेडिकल शिक्षा सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने के लिए आवश्यक सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में प्रारंभिक सेटअप में कमी नहीं रहनी चाहिए। मेडिकल कॉलेज के सुचारू संचालन के लिए जो न्यूनतम सेटअप आवश्यक होता है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान उन्होंने मेडिकल स्टाफ और विद्यार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था रेसिडेंस के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नियमानुसार कॉलेज और रेसिडेंट्स के आवास के बीच निर्धारित दूरी का पालन किया जाए तथा इसी को ध्यान में रखते हुए आवासीय व्यवस्था विकसित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की शुरुआत जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की कमी या समस्या को तत्काल दूर करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें।


### अनदेखीः कहीं पाइप-लाइन अधूरी, तो कहीं अन्य समस्या

# करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकियां अब शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव, दामापुर, कुण्डा क्षेत्र के कंझेटा, धनेली, पीपरमाटी, बसनी, भटरूसे, पथरी, कंझेटी, अमली-मालगी सहित कई गांवों में करोड़ों रुपए की लागत से बनी पानी टंकियां आज भी चालू नहीं हो पाई हैं। गर्मी के इस भीषण मौसम में ये टंकियां केवल शोपीस बनकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा जल समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से पानी टंकी निर्माण एवं घर-घर नल कनेक्शन की सुविधा दी गई थी, ताकि शुद्ध पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलटा है। टंकियां बनने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि कहीं पाइप-लाइन अधूरी पड़ी है, तो कहीं अन्य समस्या है। कुछ स्थानों पर सभी कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### ग्रामीण केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना लाभ से वंचित



यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने जिम्मेदार ठेकेदार व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा शासन प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन स्तर पर लगातार बैठक कर गर्मी में जल संकट से निपटने की बात कही जाती है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीण रहवासियों व क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ा है। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की है कि इन सभी पानी टंकियों की तत्काल जांच कर उन्हें चालू किया जाए, ताकि आम जनता को केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से राहत मिल सके।

# प्रतिमा अनावरण के साथ मनाया जाएगा वीरांगना अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस

### मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

- विविध सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के उच्च विश्राम गृह में लोधी समाज द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने 22 मार्च को ग्राम सेमरिया में आयोजित होने वाले वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा विविध सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके माध्यम से समाज की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उनके बलिदान को स्मरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अवंतीबाई लोधी ने अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचय दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक एकता, जागरूकता और संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कार्यक्रम में समाज के युवाओं को अपनी संस्कृति, इतिहास और मूल्यों से जोड़ने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में लोगों की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए आवास, भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की व्यापक योजना बनाई गई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री वर्मा ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। इस अवसर पर लोधी समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाज प्रमुख उपस्थित थें।

# निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा की मिसाल, रक्से के प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र से 12 विद्यार्थियों का नवोदय में चयन



- प्रभारी प्राचार्य त्रिभुवन राम साहू की सराहनीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा जनपद अंतर्गत ग्राम रक्से में संचालित प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। केंद्र से जुड़े विद्यार्थियों में से इस वर्ष 20 प्रतिशत यानि 60 में से 12 बच्चों का चयन विभिन्न जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालयों में हुआ है।

यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा के प्रभावी मॉडल को दर्शाती है। इस पहल के पीछे शासकीय हाई स्कूल बामी के प्रभारी प्राचार्य त्रिभुवन राम साहू का दो दशकों से निरंतर प्रयास रहा है। उन्होंने सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में जहां शिक्षा व्यावसायिक होती जा रही है, वहीं उनका यह प्रयास सामाजिक सरोकार की मिशाल बनकर उभरा है।

केंद्र में कक्षाओं का संचालन आधुनिक तकनीक से पढ़ाई व अन्य ऐप के माध्यम से किया जाता है। इसके साथ ही आकर्षक प्रेजेंटेशन (पीपीटी), गूगल फॉर्म और पीडीएफ सामग्री का उपयोग कर विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से तैयार किया जाता है। इससे बच्चों की अवधारणात्मक समझ मजबूत होती है और परीक्षा के अनुरूप अभ्यास भी मिलता है।

केंद्र के संचालन में श्री साहू व नंदकुमार साहू का भी विशेष योगदान रहा, जो उनकी अनुपस्थिति में कक्षाओं का संचालन संभालते हैं। दोनों के संयुक्त प्रयास से यह पहल लगातार विस्तार और सफलता प्राप्त कर रही है। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के साथ-साथ केंद्र में प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करवाई जाती है। वर्तमान में शिक्षक भर्ती परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें हर वर्ष उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल न केवल विद्यार्थियों के लिए अवसर का द्वार खोल रही है, बल्कि यह भी साबित कर रही है कि समर्पण और नवाचार के जरिए सीमित संसाधनों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

### कई जिलों के विद्यार्थियों ने पाई सफलता

प्रज्ञा ज्ञानोदय केंद्र से इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से 2, राजनांदगांव से 3, बालोद से 2, महासमुंद से 1, बिलासपुर से 1, कोरबा से 1 तथा मध्यप्रदेश से 2 विद्यार्थी शामिल हैं। यह सफलता दर्शाती है कि ऑनलाइन माध्यम से दूर-दराज क्षेत्रों के बच्चों तक भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाई जा सकती है।

# 23 से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में होगा संभागीय सरस मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संभाग के विभिन्न जिलों से आए हुए महिला स्व-सहायता समूहों और लखपति दीदियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादो की भव्य प्रदर्शनी एवं विक्रय केंद्र संभागीय सरस मेला में 23 से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में उपलब्ध होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ाते हुए विभिन्न महिला स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए जैविक खाद्य सामग्री, घरेलू साज-सज्जा के आकर्षक समानो सहित सभी आयु वर्ग के लिए अनेको उत्पादनो की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए मेले का आयोजन हो रहा है। संभागीय सरस मेला में मीना बाजार किड्स जोन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता की मिसाल है जहां आपको एक ही स्थान पर अनेको उपयोगी समान संभागीय सरस मेला में मिलेगा। मेले में महिला समूह द्वारा उत्पादित मिलेट जिसमे रागी, कोदो और बाजरा से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थ, समूह द्वारा बना स्वादिष्ट अचार, पापड़, मसाले, हर्बल गुलाल एवं प्राकृतिक उत्पाद सहित हस्तशिल्प एवं सजावटी सामग्री भी उपलब्ध होगी। साथ मे पारंपरिक व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियां बाजार मूल्य से कम दरों पर गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है। आपके प्रत्येक खरीददारी से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सहयोग मिलेगा और वह आत्मनिर्भरया की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेला का आयोजन सरदार पटेल मैदान कवर्धा में 23 से 26 मार्च तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होगा।




### पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा आयोजित

# गौ-हत्या बंद हो और गौमाता को राज्य माता व राष्ट्र माता का सम्मान मिलेः दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि कलियुग में लोग व्यभिचार, चोरी, पाप और पाखंड में लग जायेंगे, निरंतर पाप करते रहेंगे, ऐसी स्थिति में उनका कल्याण हो इसलिए श्रीशिव महापुराण कथा का प्रकाशन किया गया है। श्रीशिव महापुराण की कथा बड़े से बड़े पापी को भी तार देती है उसका कल्याण कर देती है। देवराज नामक ब्राह्मण था जो रस बेचता था झूठ बोलता था, विश्वासघात करता था धन छीन लेता था वैश्यागामी हो गया था। एक बार अचानक यात्रा करते प्रतिष्ठानपुर के शिवालय पहुंच गया, वहां श्रीशिव महापुराण की कथा चल रही थी, देवराज बीमार पड़ गया और कथा सुनकर मर गया उसे लेने श्रीशिव के गण आए और हिमालय शिवधाम ले गए और वह देवराज सदा-सदा के लिए शिवधाम में रहने लगा। श्रीशिव महापुराण कथा ने पापी देवराज को तार दिया।

वहीं सनातन धर्म में गौवंश से बड़ा कोई नहीं है। 33 कोटी देवी-देवता गौमाता के शरीर में रहते हैं। हमारे वोट को लेकर नेता और पार्टीयां सरकार बनाते हैं और गौ हत्या करते हैं यह जनता से धोखा है। रोज लाखों गौवंश काट दी जाती है यह गलत है संपूर्ण देश में गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राज्य के स्तर में राज्य माता और देश के स्तर में राष्ट्र माता का सम्मान मिले। राजा, वैश्या, दुष्ट व्यक्ति दूसरे के कष्ट को नहीं जानता।

पाटेश्वर धाम जामडी से आए संत बालकदास ने कहा कि 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन तहसील स्तर पर संपूर्ण देश में गौ-हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता, राज्य माता का सम्मान मिले इसके लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। सवा-साल यह गौ सम्मान अभियान चलेगा। यदि सरकार नहीं मानी तो संत आमरण अनशन करके गौ माता के लिए प्राण त्याग देंगे, पैरा नहीं जलाना चाहिए, गौ पालन करना चाहिए। भगवान शिव का जो भजन-कीर्तन-चिंतन-पूजन करता है भगवान उनकी मनोकामना त्वरित पूर्ण कर देते हैं। तीर्थराज प्रयाग में श्रीशिव महापुराण की कथा चल रही है, जैसे भगवान सूर्य और चंद्रमा चमकते हैं वैसे ही तीर्थो में प्रयागराज चमकते हैं।

वहीं बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा में सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है, जिसमें 5100 रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। प्रातः काल से यज्ञ भगवान की पूजा होती है जो लगभग 1 एक बजे तक चलती है और 1 एक बजे से कथा मंच प्रारंभ हो जाएगा जो हरि इच्छा तक चलेगा।

### दामापुर में कार्यकारिणी का विस्तार बैठक आयोजित



**इंदौरी।** कोलेगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के निर्देशानुसार शुक्रवार को दामापुर मण्डल मे कार्यकारिणी का विस्तार मण्डल अध्यक्ष दामापुर प्रमोद पात्रे के नेतृत्व मे किया गया। जिसमे कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए, इस कार्यकारिणी विस्तार मे प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पात्रे, जिला महामंत्री शिव कुमार चौहान, प्रशांत खांडे, हेमू साहू, राजेश बंजारे, भरत साहू, होरीलाल सिंगरौल, अंशु साहू, मनीष साहू, ओमकार साहू, परमेश्वर सोनवानी, सेलेश दिवाकर, राधे घृतलहरे, राजेश भास्कर, शिव प्रसाद, सतखोजन सोनवानी, परमानन्द साहू, शेखर रात्रे, रंजीत सिंगरौल, सूरज अनंत, गोविन्द भास्कर, योगेश भास्कर, सुरेश तिवारी, धनंजय कुर्रे, हलधर सिंह, लखन सिंगरौल, द्वारिका प्रसाद, राजेंद्र चंद्रवंशी, सरजू साहू, जागेश्वर सिंगरौल उपस्थित थें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कार्रवाई : तेंदुआ की हड्डी, नाखून भी किए गए जब्त, आरोपियों से की जा रही पूछताछ

# दो नग तेंदुआ खाल के साथ 5 गिरफ्तार कहां किया गया शिकार, खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन्यप्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली पनाहगार भोरमदेव अभ्यारण से लेकर जिले के दूसरे जंगलों में वन्यप्राणी कितने सुरक्षित हैं इसकी बानगी लगातार यहां देखने को मिल रही है।

हाल के ही दिनो में भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में बायसन के अवैध शिकार के बाद अब जिले के तरेगांव के ग्राम गुडली एवं कवर्धा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी से तेंदुआ की खाल बरामद की गई है। इसके अलावा वन विभाग ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तेंदुआ की हड्डी, नाखून आदि भी बरामद किया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि तेंदुआ का शिकार किया गया है।

हालांकि वन विभाग ने इस बात का खुला नहीं किया है कि तेंदुआ का शिकार कहा किया गया है। वन्यप्राणी तेंदुआ का शिकार हो जाने के बाद वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल के आला अधिकारी इसे वन्यजीव अपराध के विरुद्ध सख्त कार्रवाई मानते हुए अपनी पीठ थपथपाते हुए बता रहे हैं कि उन्होंने दो नग तेंदुआ खाल सहित अन्य अवैध सामग्री जप्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि भोरमदेव अभ्यारण सहित जिले के जंगलों और वन्यप्राणियों को भगवान भरोसे छोड़कर गहरी नींद में सो रहे वन विभाग कवर्धा को वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, भोपाल (भारत सरकार) एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल, रायपुर (छत्तीसगढ़) से सूचना प्राप्त होने पर गठित संयुक्त जांच समिति में शामिल कवर्धा वनमंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तरेगांव के ग्राम गुडली एवं कवर्धा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी में कार्रवाई की गई। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा ने बताया कि 20 मार्च को अवैध तेंदुआ खाल रखे जाने की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो नग तेंदुआ खाल, हड्डी, नाखून आदि सामग्री जप्त की गई। इस मामले में विभाग ने आरोपी संतराम धुर्वे पिता बिहारी धुर्वे निवासी ग्राम चोरभट्टी, सुखराम मेरावी पिता बुधारी मेरावी निवासी ग्राम गुडली, अघनू धुर्वे पिता भागुराम धुर्वे निवासी ग्राम आमानारा, सहैततर मरकाम पिता तिरिथ राम निवासी ग्राम सिंघारी तथा कनस टेकाम पिता इतवारी, निवासी ग्राम बेन्दा को गिरफ्तार किया है।

#### पूजा-पाठ एवं अन्य तांत्रिक गतिविधियों के लिए उपयोग



विभाग के मुताबिक प्रारंभिक जांच और पूछताछ के दौरान आरोपियों के द्वारा तेंदुआ खाल को पूजा-पाठ एवं अन्य तांत्रिकी गतिविधियों में उपयोग में लाए जाने की बात स्वीकार की गई है। इस प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 39, 44, 50, 51 एवं 52 के तहत वन अपराध क्रमांक 20730/17 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है साथ ही 21 मार्च को आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है तथा माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

#### लगातार सामने आ रहे शिकार के मामले

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में यह वन्यप्राणियों के शिकार का यह कोई पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले भोरमदेव अभ्यारण्य में बायसन के शिकार का मामला सामने आया था, वहीं धवाईपानी क्षेत्र में भी शिकार की घटना ने वन विभाग की मुस्तैदी और तथा कथित दावों की पोल खोल दी थी। लगातार हो रहे वन्यप्राणियों के शिकार से साफ हैं कि जिले में शिकारी गिरोह सक्रिय हैं और वन विभाग इस पर अंकुश लगा पाने में नकाम साबित हो रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक वन्यजीव इस तरह शिकारियों के शिकार बनते रहेंगे। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी कब तय होगी।

## रामपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

दाऊ श्री वासुदेव चन्द्रकार कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक निर्माण एवं संपूर्ण पशु आहार बनाने की तकनीक, पशु आहार प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 एवं 20 मार्च 2026 को ग्राम रामपुर में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 19 मार्च 2026 को सीजीसीआई केन्द्र, रामपुर में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रूखमणी कौशिक, सभापति, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज कुमार गेंदले, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दुर्गा चैरसिया, उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आशीष देवांगन तथा सरपंच ग्राम रामपुर श्री गोपाल नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. सोनाली पुष्टे रहीं। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ के रूप में सह प्राध्यापक डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. वंदना भगत, डॉ. जितेन्द्र जाखड़ एवं डॉ. राकेश जोशी द्वारा महत्वपूर्ण व्याख्यान एवं प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट अतिथि डॉ. दुर्गा चैरसिया ने सामुदायिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों को विभिन्न शासकीय सुविधाओं का अधिक लाभ मिल सकता है।

डॉ. मनोज कुमार गेंदले, निदेशक विस्तार शिक्षा ने कार्यक्रम की विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक एवं संपूर्ण पशु आहार के उपयोग तथा कम लागत में संतुलित आहार निर्माण की तकनीकों को अपनाने पर बल दिया।

डॉ. आशीष देवांगन ने किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### खबर संक्षेप



#### पुलिस महानिरीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण

**कवर्धा।** बालाजी राव, पुलिस महानिरीक्षक (राजनांदगांव रेंज) द्वारा कबीरधाम जिले का वार्षिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। निरीक्षण की शुरुआत पुलिस लाइन कवर्धा में पारंपरिक भव्य परेड से हुई, जहां जवानों ने आईजी को सलामी दी।

परेड निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट और अनुशासन प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात आईजी द्वारा शस्त्रों, वाहनों एवं अन्य संसाधनों का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में नव-निर्मित महिला बैरक का उद्घाटन भी किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद आयोजित पारंपरिक दरबार में पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिनके त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपने संबोधन में आईजी बालाजी राव ने कहा कि पुलिस वर्दी अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का प्रतीक है। उन्होंने जवानों को कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए वर्दी की गरिमा बनाए रखने तथा परिवार और सेवा के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने की भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण की मैराथन समीक्षा



- ठेकेदारों को निर्माण कार्य पूरा करने मिला 1 साल का टाइमलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को भोरमदेव मंदिर परिसर में भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण से जुड़े विभागों और ठेकेदारों की मैराथन समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रोजेक्ट में मुख्य मंदिर परिसर का उन्नयन, सरोवर का सौंदर्यीकरण, मड़वा, महल, छेरकी महल, रामचुवा, सरोदा, पार्किंग में अब तक हुए कार्यों की प्रगति की गहनता से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और समय सीमा पर पूर्णता इन दो पैमानों पर सभी कामों की मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए जिला स्तर पर निगरानी समिति गठित की गई है। उन्होंने सभी ठेकेदारों से कहा कि 15-15 दिन में किए जाने वाले कार्यों की टाइमलाइन दें। निगरानी समिति को हर सोमवार कार्यस्थल का मुआयना कर प्रगति की समीक्षा के निर्देश दिए। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे सभी प्रोजेक्ट इंचार्ज और इंजीनियर्स को अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के लिए कहा। काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समीक्षा के दौरान कहा कि मुख्य मंदिर परिसर में पेड़ों के इर्द गिर्द यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए चबूतरे बनवाने के लिए कहा। मंदिर परिसर में जो भी प्रवेश द्वार और खंभे बनने का रहे हैं उनमें *फनी नागवंशी* स्थापत्य की झलक दिखे, ऐसी संरचनाएं बनाई जाएं, लकड़ी के दरवाजों में इसी प्रकार की नक्काशी हो। मुख्य प्रवेश द्वार सहित सभी द्वार भव्य रूप से बनाए जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरोवर स्थल में पिचिंग और लाइनिंग का काम तकनीकी उत्कृष्टता के साथ किया जाए। उन्होंने सरोवर तट पर सीढ़ियां तथा उसके ऊपर शेड का निर्माण व्यवस्थित रूप से करने के लिए कहा ताकि श्रद्धालु वहां आराम से बैठ सकें। सरोवर के किनारे लगने वाले स्ट्रीट लाइट के पोल भी आकर्षक रूप से तैयार करवाए जाएं जो पूरे मार्ग को भव्यता प्रदान करे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंदिर परिसर में बनने वाले विश्राम स्थल में दरवाजे खिड़की इस प्रकार से लगाए जाएं जो पूरे भवन को भव्यता के साथ पर्याप्त हवा और रोशनी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में लगने वाली कलाकृतियों में स्थानीयता और लोक संस्कृति की छाप दिखनी चहिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पार्किंग स्थल पर वाहनों के लिए पर्याप्त स्थान के साथ मजबूत फ्लोरिंग तैयार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पार्किंग में करीब बनने वाले दुकानों को इस प्रकार से बनाया जाए जिससे पार्किंग स्थल पर वाहनों का प्रवेश और निकासी व्यवस्थित और सुचारु रूप से संचालित हो। उन्होंने पूरे कॉरिडोर में पेयजल, शौचालय जैसे जनसुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाई ईदुल फितर

- ईदुल फित्र को लेकर मुस्लिम समाज में दिखा उत्साह, बाजार में रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रमजान शरीफ के तीस रोजे मुकम्मल होते ही खुदा की जानिब से रोजेदारों को बतौर जोहफा ईदुल फित्र अता किया जाता हैं। उपरोक्त जानकारी मुस्लिम ट्रस्ट के सरपरस्त ( संरक्षक) जनाब हाजी मो. सलीम हिंगोरा ने देते हुए बताया कि 21 मार्च 2026 को ईदगाह में ईद की नमाज दो वक्तो में अदा की गई।

जिसमें पहली नमाज सुबह 8 बजे मुफ्ती मारुफ रज़ा मंजरी साहब की इमामत में अदा की गई। दूसरी नमाज सुबह 9 बजे कारी रिजवान साहब की इमामत में अदा की गई। ईद की नमाज़ के बाद दोनों इमामों ने अपने मुल्के वतन हिंदुस्तान, सूबए छत्तीसगढ़ सहित शहरे कवर्धा कबीरधाम में अमनो चैन, एकता, आपसी भाई चारे के लिए दुआ मांगी गई। ईद की नमाज में शहर के अलावा एतराफ गांव देहात के मुस्लिम बिरादरी के हजारों की तादाद में ईद की नमाज में शिरकत की। मुस्लिम ट्रस्ट इंतजामिया कमेटी की जानिब से ईदगाह में शामियाना टेंट, साउंड सिस्टम माइक, कुर्सी, कूलर, पेयजल, शरबत, इत्यादि का माकूल इंतजाम किया गया।

पुलिस प्रशासन, पत्रकार, राजनीतिज्ञ, व्यापारी सहित सभी समुदाय के लोगों के बैठने का बेहतरीन इंतजाम किया गया था सभी मुस्लिम भाइयों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरो की ईद की मुबारकबादी पेश करते रहे। ईद के मुबारक मौके पर खास कर बच्चों में काफी उत्साह होता रंग बिरंगे लिबास कुर्ता पायजामा शेरवानी, सरो पे खूबसूरत टोपीयो में अमामा शरीफ सजा हुआ इत्र की खुशबू से महकता खुशनुमा-खुशबूदार माहौल सभी के चेहरों में सिर्फ खुशियां ही खुशियां थी। ईदगाह में रज़ा आइस्क्रीम हाजी हारून मेमन की जानिब से सभी नमाजियों, बुजुर्ग, नवजवान, बच्चों के लिए आइस्क्रीम का इंतजाम रखा गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जयसवाल, अशोक सिंह सहित समस्त पदाधिकारी गण ईदगाह पहुंच कर सभी मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबादी पेश की। सभी घरों में आज खास कर खीर खुरमा मीठी लज़ीज़ सेवईयों का पकवान जरूर बनता हैं सभी एक दूसरे के घरों में ईद मिलने आते जाते हैं दावत का सिलसिला दिन भर चलता रहा ईद को लेकर बाजार में भी रौनक देखी कई। कपड़ा, सेवई, ड्रायफ्रूट्स सहित दूसरी दुकानो में समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। स्थानीय घोटिया रोड़, बीच पारा, नदिया पारा, नवाब मोहल्ला, कसाई मोहल्ला, राज विडीयो एवरग्रीन मोहल्ला, लोहारा नाका,आदर्श नगर आदि मुस्लिम बाहुल्य ईलाकों में सबेरे से ही ईद-उल-फितर मनाने की हलचलें बढ़ी हुई थी।

पर्व को लेकर जहां समाज के सभी वर्ग के लोगों में गजब का उत्साह देखा गया वहीं बच्चों की तो मानो चांदी थी। बड़ों की सलामी के बाद रंग बिरंगी पोशाकों में सजे धजे बच्चे ईदी मिलने की खुशी में चहक रहे थे और घरों घर जाकर दावतों का लुत्फ उठा रहे थे। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ईद-उल- फितर की गहमा गहमी देर रात तक चलती रही। इस अवसर पर मुस्लिम ट्रस्ट के मुतवल्ली जनाब हनीफ अंजुम साहब ने जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित तमाम शहर वासियों, मुस्लिम भाइयों का शुक्रिया अदा करते हुए ईद की मुबारकबादी पेश किया।

## रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला साहू संघ के तत्वाधान में नर्मदा धाम जुनवानी, कबीरधाम में आयोजित रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में निरंतर जारी है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर रुद्र महायज्ञ में भाग ले रहे हैं तथा शिव महापुराण कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में 22 मार्च, रविवार को दोपहर 1:00 बजे छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन प्रस्तावित है। उनके साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

#### ईदुल फितर की धूम



**कवर्धा।** नगर के ईदगाह में अदा की गई दो वक्तों की ईदुल फितर की नमाज, बड़ी संख्या में शामिल हुए नवाजी

### आयोजन के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज करेंगे भूमिपूजन

# पीजी कॉलेज मैदान में भव्य स्वदेशी मेला 27 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





कवर्धा नगर के पीजी कॉलेज मैदान में 27 मार्च से 2 अप्रैल तक होने जा रहा है। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए विधि विधान से भूमि पूजन का आयोजन 22 मार्च को प्रातः 9:00 बजे किया जाएगा।

इस भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, आयोजनकर्ता समिति के पदाधिकारी एवं भारतीय विपणन विकास केन्द्र से जुड़े सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर मेला संयोजक डॉ. अतुल जैन ने कहा कि विगत 21 वर्षों से स्वदेशी जागरण के लिए प्रतिबद्ध संस्था भारतीय विकास विपणन केंद्र द्वारा स्वदेशी मेला का आयोजन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में प्रतिवर्ष किया रहा है।

प्रथम वर्ष की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी कवर्धावासियों को मेला का भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा। मेले के आकर्षण मे स्वदेशी वस्तुओ की पहचान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न स्पर्धाये, वॉइस ऑफ कवर्धा जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डॉ. अतुल ने बताया कि यह मेला केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, यह स्वदेशी और देश प्रेम की भावना को जागृत करने का प्रयास है। यहां पर जाति और धर्म से परे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तथा वोकल फॉर लोकल पर आधारित स्वदेशी मेला निश्चित ही एक नया आयाम गढेगा।

इस मेले का इंतजार कवर्धा सहित प्रदेशभर की जनता पूरे साल बेसब्री से करती है। इस संबंध में भारतीय विपणन विकास केंद्र के प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि इस बार मेले में स्टार्टअप करने वाले युवाओं को भी मेला में अवसर प्रदान किया गया हैं। पहले से ज्यादा स्टॉल इस बार लगाए गए है। देश के लगभग प्रत्येक राज्य से प्रतिभागी यहा हिस्सा

## सहयोगात्मक व साझा प्रयासों से संवरता छिरहा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा को आज शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामूहिक प्रयासों के लिए जाना जाता है। संस्था के प्राचार्य और गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्कूल ने सहयोगात्मक कार्य संस्कृति को अपनाकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

डॉ. चन्द्रवंशी न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि वे अपने व्यापक शिक्षण अनुभव, विषयवस्तु के गहरे ज्ञान और नवीन शिक्षण तकनीकों को अन्य शिक्षकों के साथ साझा करने में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय में एक ऐसी कार्यप्रणाली विकसित की है जहां सूचनाओं का प्रसार और सर्वोत्तम अभ्यासों का आदान-प्रदान सहजता से होता है। वे शिक्षकों को निरंतर परामर्श प्रदान करते हैं और उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। स्कूल की इस प्रगति का मुख्य आधार यहां का टीम वर्क है, जहां छात्र हितों और कक्षा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक मिलकर विचार-मंथन करते हैं। जब भी विद्यार्थियों के व्यवहार या कक्षा प्रबंधन से संबंधित कोई समस्या सामने आती है, तो पूरी टीम के साथ मिलकर समाधान निकालते हैं। कक्षाओं का अवलोकन कर रचनात्मक फीडबैक दिया जाता है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई महत्वपूर्ण बातों को सामूहिक रूप से साझा किया जाता है, ताकि इसका लाभ हर विद्यार्थी तक पहुंच सके। परीक्षाओं के बाद परिणामों का गहन विश्लेषण कर सामूहिक रणनीतियां बनाई जाती हैं, ताकि भविष्य में शिक्षण को और प्रभावी बनाया जा सके। खास बात यह है कि यह समन्वय केवल स्कूल स्टाफ तक सीमित नहीं है, बल्कि प्राचार्य द्वारा अभिभावकों और स्थानीय प्रशासन के साथ भी निरंतर संवाद बनाए रखा जाता है। इस साझा विजन ने छिरहा स्कूल में एक सकारात्मक और सीखने-सिखाने वाला वातावरण तैयार किया है, जो संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।

# नववर्ष, नवरात्रि व झूलेलाल जयंती मनाई

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि एवं भगवान झूलेलाल जयंती पर्व मानव मंदिर चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंच के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा एवं भगवान झूलेलाल की आराधना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते सभी को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे उत्साह के साथ मनाना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान भगवान झूलेलाल जयंती पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में नवरात्रि के महत्व पर भी चर्चा करते शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की उपासना के महत्व को बताया गया।

**आराधना महिला मंडल ने किया छाछ वितरण। राजनांदगांव।** शहर के समाजसेवी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा हिंदू नव संवत्सर 2083 धूमधाम से मनाया गया। मंडल की महिलाओं ने शहर के श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर गंज लाइन में पूजा-अर्चना करते भगवान से शहरवासियों की सुख-शांति व खुशहाली की प्रार्थना की। शाम को

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में



जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

DELHI IAS ACADEMY RAIPUR
Attention Dear All Parent & Aspirants
CGPSC 3 Year FOUNDATION BATCH
After Class 12th
Batch Starting From
31st March 2026 Evening Batch
Who Can Join
B.A./ B.COM/ B.Sc/ BE & 1st Year Student
Aspirants Targeting CGPSC / UPSC early Preparation
Key Highlights
Experienced Faculty Guidance
Study Material (Hindi/English Medium)
Offline Classes
Structure Of 3 Year Plan
1st Phase — Duration - 08 Months: NCERT Foundation; Subject Wise Preparation; Mentorship Programme; NewsPaper Reading & Analysis
2nd Phase — Duration - 20 Months: Prelims + Mains Preparation; Answer Writing Practice; Test Series Evalution; Mentorship Programme
3rd Phase — Duration - 08 Months: Current Affairs Mastery; Personality Developement; Advance Answer Writing; Final Mock Tests
Call Now
+91 7880111516, +91 7880111266
2nd Floor, Vandana Bajaj Showroom Opposite Rajkumar College,G.E. Road, Raipur
Khanna

